SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE



**वियोज्य DETACHABLE**

# भूगोल (प्रश्न-पत्र I)

# GEOGRAPHY (Paper I)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने सूचित हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तरों को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाइए । इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

**1.** निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :
Answer the following in about 150 words each : 10×5=50

**1. (a)** "भू-विक्षेपी वायु क्या है" ? वायुदाब ढाल एवं वायु परिसंचरण के मध्य सम्बन्ध को स्पष्ट कीजिये।
What is "Geostrophic Wind" ? Explain the relationship between barometric slope and air circulation. 10

**1. (b)** सागरीय रेन्चिंग क्या है ? एक्वा-काउबॉयस् इस तरह की गतिविधियों से कैसे सम्बन्धित होते हैं ?
What is ocean ranching ? How are aqua-cowboys related to such activities ? 10

**1. (c)** मृदा समृद्धीकरण की प्राकृतिक प्रक्रियाओं एवं खाद्य उत्पादन पर इसके प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।
Explain the natural processes of soil enrichment and its impact on food production. 10

**1. (d)** गहन पारिस्थितिकी (डीप इकॉलॉजी) एक संकल्पना के रूप में उथली पारिस्थितिकी (शैलो इकॉलॉजी) से किस प्रकार भिन्न है ? स्पष्ट कीजिये।
How is 'Deep Ecology' as a concept different from 'Shallow Ecology' ? Explain. 10

**1. (e)** आर्थिक भू-विज्ञान के पर्यावरणीय प्रभाव क्या हैं ? चर्चा कीजिये।
What are the environmental implications of economic geology ? Discuss. 10

**2. (a)** "पुराचुम्बकत्व एवं समुद्र अधस्तल प्रसरण के साक्ष्यों ने प्रमाणित किया है कि महाद्वीप एवं महासागर द्रोणी कभी स्थिर नहीं रहे।" समुचित रेखाचित्रों द्वारा व्याख्या कीजिये।
"Evidences from palaeomagnetism and sea floor spreading have validated that continents and ocean basins have never been stationary." Elucidate with suitable diagrams. 20

**2. (b)** समुचित उदाहरणों को देते हुए "प्रति चक्रवात" की विशेषताओं और मौसम की स्थितिओं को स्पष्ट कीजिये।
Explain the characteristics and weather conditions associated with 'Anticyclones' giving suitable examples. 15

**2. (c)** महासागरीय धारायें कैसे उत्पन्न होती हैं ? प्रशान्त महासागर के विशेष सन्दर्भ में तृतीय जलवायु पर उनके प्रभावों की चर्चा कीजिये।
How are ocean currents generated ? Discuss their effects on coastal climates with special reference to the Pacific Ocean. 15

**3. (a)** स्थानीय पवनों की उत्पत्ति के कारण क्या हैं ? समुचित उदाहरण दे कर विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित मौसम एवं जलवायु पर इनके महत्व की चर्चा कीजिए।
What are the causes of origin of local winds ? Discuss their significance on prevailing weather and climate in various regions, with suitable examples. 20

**3. (b)** समप्राय भूमि को परिभाषित कीजिए। विभिन्न भू-आकृतिक चक्रों के अंतर्गत समप्राय भूमि के साथ जुड़ी हुई दृश्यभूमि विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
Define Peneplains. Describe the landscape features associated with peneplains under different geomorphic cycles. 15

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**3.** (c) प्रादेशिक पारिस्थितिकीय परिवर्तनों को कौनसे कारक प्रभावित करते हैं ? मानव स्वास्थ्य को ये किस प्रकार प्रभावित करते हैं ?

What are the factors affecting regional ecological changes ? How do these affect human health ? 15

**4.** (a) सागरीय संसाधनों तथा उनके आर्थिक महत्व का एक विवरण दीजिए । इस प्रकार के संसाधनों को समुद्री प्रदूषण ने कैसे प्रभावित किया है ?

Give an account of marine resources and their economic significance. How has marine pollution affected such resources ? 20

**4.** (b) एक सामान्य मृदा परिच्छेदिका में जैव क्षितिजों एवं खनिज क्षितिजों की विशेषताओं के मध्य अन्तर स्थापित कीजिए ।

Differentiate between the characteristics of organic horizons and mineral horizons in a generalised soil profile. 15

**4.** (c) ताप व्युत्क्रमण कैसे होता है ? समुचित उदाहरणों द्वारा स्थानीय मौसम पर इसके महत्व का वर्णन कीजिये ।

How does inversion of temperature occur ? Explain its significance on local weather with suitable examples. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**5.** निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :

Answer the following in about 150 words each : 10×5=50

**5.** (a) मानव भूगोल में एक मौलिक संकल्पना के रूप में क्षेत्रीय विभेदन के क्रमिक विकास की व्याख्या कीजिए ।

Explain the sequential development of areal differentiation as a fundamental concept in Human Geography. 10

**5.** (b) विकाशशील विश्व से संबंधित खाद्य एवं पोषण समस्याओं का समालोचनात्मक वर्णन कीजिये ।

Discuss critically food and nutrition problems associated with the developing world. 10

**5.** (c) मानव आव्रजन (ह्यूमन माइग्रेसन) प्रतिकर्ष एवं अभिकर्ष कारकों (पुश एवं पुल फैक्टर्स) के मध्य संतुलन का प्रतिबिम्ब है । सबसे नवीन प्रवासी जन समूह के सन्दर्भ में विस्तार से बताइए ।

Human migration is a reflection of the balance between push and pull factors. Elaborate with reference to the most recent diaspora. 10

**5.** (d) क्या माल्थूसियन सिद्धान्त को वर्तमान समय में मान्य नहीं किया गया है ? अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए ।

Has Malthusian Theory been discredited in contemporary times ? Justify your answer. 10

**5.** (e) वृद्धि ध्रुव से जुड़े हुए विभिन्न प्रकार के ध्रुवीकरण से प्रेरित क्षेत्रीय असमानताओं एवं असंतुलनों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the different types of polarisation induced spatial inequalities and imbalances associated with growth poles. 10

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

6. (a) विकसित एवं विकासशील राष्ट्रों में नगरीय विस्तार की समस्याओं एवं सम्भावनाओं की नगरीय उपान्त के सन्दर्भ में विवेचना कीजिये ।

Explain the problems and prospects of urban expansion in the context of urban fringe in developed and developing nations. 20

6. (b) लैंगिक समता एवं मानव विकास के मध्य क्या सम्बन्ध है ? सामान्य रूप से प्रयुक्त लिंग संबंधी सूचकांक प्रस्तुत कीजिये ।

What is the relation between gender equity and human development ? Provide a list of commonly used gender related indices. 15

6. (c) विकास की सीमाऐं मॉडल में जनसंख्या, संसाधन उपयोग एवं विकास गठजोड़ को स्पष्ट कीजिये । इस माडल की आलोचना अधिकता से क्यों की गई है ?

Explain population, resource use and development nexus in the Limits to Growth Model. Why has this model been criticized intensively ? 15

7. (a) समुचित आरेखों द्वारा ए.लॉश के केन्द्रीय स्थान से सम्बन्धित स्थिति सिद्धान्त के मॉडल को स्पष्ट कीजिये । इसकी आलोचना क्यों की गई है ?

Explain with suitable diagrams A. Losch's model of the Theory of Location related to Central Places. Why has this been criticized ? 20

7. (b) सतत भूमि प्रबन्धन (एस.एल.एम) पर्यावरणीय, आर्थिक एवं सामाजिक अवसरों के पूरक लक्ष्यों में सामंजस्य कैसे स्थापित कर सकता है ? विवेचना कीजिये ।

How can Sustainable Land Management (SLM) harmonise the complimentary goals of environmental, economic and social opportunities ? Discuss. 15

7. (c) जनसांख्यिकीय संक्रमण की अवस्थायें विश्व भर में असमान आर्थिक विकास का प्रतिविम्ब हैं । समुचित उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिये ।

"The stages of Demographic Transition are a reflection of uneven economic development across the globe." Explain with suitable examples. 15

8. (a) "ग्रामीण अधिवास मानव और उनके भौतिक एवं सामाजिक पर्यावरण के मध्य बुनियादी सम्बन्धों की अभिव्यक्ति है ।" चर्चा कीजिए ।

"Rural settlements are expressions of the basic relationships between human beings and their physical and social environment." Discuss. 20

8. (b) नियोजन प्रदेश (प्लानिंग रीज़न) की संकल्पना का वर्णन कीजिये । इस प्रकार के प्रदेशों के सृजन में पर्यावरणीय एवं आर्थिक कारकों को स्पष्ट कीजिये ।

Describe the concept of Planning Region. Explain the environmental and economic factors in the creation of such regions. 15

8. (c) "सीमाएं एवं सीमान्तों के भौगोलिक साहित्य में भिन्न अर्थ है ।" अपने उत्तर की पुष्टि वर्तमान सन्दर्भ में कीजिये ।

"Boundaries and frontiers have different meanings in geographical literature." Substantiate your answer in the present context. 15

---